मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्स पर देश के दूसरे सबसे चर्चित नेता

चर्चा में क्यों?

5 नवंबर, 2023 को सोशल मीडिया हैशटैग ट्रैकिंग टूल 'ट्वीट बाइंडर' द्वारा जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्स पर देश के दूसरे सबसे चर्चित नेता बन गए हैं।

प्रमुख बिंदु

- सोशल मीडिया हैशटैग ट्रैकिंग टूल 'ट्वीट बाइंडर'की ताजा रैंकिंग के अनुसार अक्तूबर में एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हैंडल को लेकर सबसे अधिक चर्चा हुई।
- ट्वीट बाइंडर ने भारत में एक्स यूज़र्स की ओर से 1 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक पोस्ट की संख्या के आधार पर रैंकिंग तैयार की है। संपूर्ण रैंकिंग में पीएम मोदी, भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और साउथ के एक्टर विजय ही सीएम योगी से आगे हैं।
- वहीं सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वैश्विक पटल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पाकिस्तान से लेकर ऑस्ट्रेलिया, इज़राइल, अमेरिका और इंग्लैंड तक योगी के प्रशंसकों की बड़ी संख्या है।
- एक्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 2.65 करोड़ फॉलोअर्स हैं। वहीं, इंस्टाग्राम पर 77 लाख फॉलोअर्स हैं। सीएम योगी के वॉट्सएप चैनल पर भी करीब 15 लाख फॉलोअर्स जुड़ चुके हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-yogi-adityanath-is-the-second-most-talked-about-leader-of-the-country